FSC FORESTS FOR ALL FOREVER™

मॉड्यूल 3

# FSC™ व्यापार चिन्ह (FSC™ TRADEMARKS)



# विषय-वस्तु


1. FSC व्यापार चिन्ह क्या होते हैं? ........ 2

2. व्यापार चिन्ह उपयोग आवश्यकताएँ ........ 3

2a. प्रमाण-पत्र धारक ........ 3

FSC लेबल ........ 4

FSC लेबलिंग आवश्यकताएँ ........ 5

लेबल निर्माता ........ 5

2b. प्रचार अनुज्ञप्ति धारक ........ 6

प्रचार के लिए व्यापार चिन्ह का उपयोग कौन कर सकता है? ........ 7

3. FSC का प्रचार कैसे करें ........ 8

## 1. FSC ट्रेडमार्क क्या होते हैं?

FSC व्यापार चिन्ह वाले लेबल लगाकर उत्पादों का प्रचार करना गौरव की बात है। व्यापार चिन्ह का उपयोग कर, संगठन, ज़िम्मेदार सोर्सिंग में अपनी उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए, विश्व को यह बता सकते हैं कि खरीददारी के उनके विकल्प, विश्व के वनों की रक्षा करने में मदद करते हैं।

FSC व्यापार चिन्ह, FSC प्रमाण-पत्र धारकों के संचार का प्रमुख उपकरण होते हैं – वे यह दर्शाते हैं कि संगठन के उत्पाद FSC के कड़े मानकों के अनुकूल हैं। इसीलिए यह ज़रूरी हो जाता है कि FSC व्यापार चिन्हों का सही प्रयोग किया जाए, उनके माध्यम से ग्राहकों या जनता को प्रमाणन दावों के बारे में गुमराह न किया जाए, और उन्हें FSC प्रमाणन द्वारा कवर किए जाने वाले गुणवत्ता पहलुओं से अन्य किसी पहलु से जोड़कर न देखा जाए। केवल FSC प्रमाण-पत्र धारक ही अपने उत्पादों पर FSC व्यापार चिन्हों का उपयोग कर सकते हैं। संगठनों को FSC प्रमाणन देने की ज़िम्मेदारी उन तीसरे पक्षों की होती है, जिन्हें प्रमाणन संस्थाओं के नाम से जाना जाता है।

FSC "Forest Stewardship Council", आद्यक्षर "FSC ™" और FSC लोगो, नीचे दिए "वन, सभी के लिए, हमेशा के लिए" फुल मार्क एवं टेक्स्ट मार्क वाले "वन, सभी के लिए, हमेशा के लिए" लोगो पर मालिकाना अधिकार है।

इनका प्रयोग करने के लिए, किसी संगठन के पास, एक मान्य FSC प्रमाण-पत्र व एक मान्य FSC व्यापार चिन्ह अनुज्ञप्ति समझौता होना चाहिए। साथ ही, उसके पास FSC व्यापार चिन्ह अनुज्ञप्ति कोड भी होना चाहिए, जैसे "FSC -सी000000"। जब प्रमाणन संस्था (सीबी) संगठन को प्रणाली में जोडती है तो यह कोड स्वतः ही निर्माण हो जाता है। इसका प्रयोग FSC व्यापार चिन्हों के साथ किया जाना चाहिए।

FSC व Forest Stewardship Council का प्रयोग करने के लिए, प्रमाण-पत्र धारक को सामग्री के प्रथम उपयोग के लिए सुपरस्क्रिप्ट फ़ॉन्ट में व्यापार चिन्ह ® अथवा TM का उपयोग करना होता है। व्यापार चिन्ह के प्रत्येक उपयोग को, प्रकाशन और/या उत्पादन से पहले, संगठन की प्रमाणन संस्था द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए, और उत्पादों अथवा सामग्री पर उपयोग किए जाने पर इन व्यापार चिन्हों को ऊपरी दायें कोने में ® अथवा ™ चिह्न के साथ उपयोग किया जाना चाहिए।

# 2. व्यापार चिन्ह उपयोग आवश्यकताएँ

## 2a. प्रमाण-पत्र धारक

FSC व्यापार चिन्हों का निम्नलिखित तरीकों से उपयोग नहीं किया जा सकता:

a. जिनसे FSC प्रमाणन योजना को लेकर कोई भ्रम निर्माण हो, उसकी गलत व्याख्या हो, अथवा उसकी विश्वसनीयता में कोई कमी आए;

b. जिनसे यह संकेत मिले कि प्रमाणन के दायरे के बाहर, FSC , संगठन की गतिविधियों का समर्थन करता है, उनमें भाग लेता है, अथवा उनके लिए ज़िम्मेदार है;

c. उत्पाद गुणवत्ता के उन पहलुओं का प्रचार करने के लिए, जो FSC प्रमाणन के दायरे में नहीं आते;

d. उत्पाद के ब्रैंड अथवा कंपनी के नाम में, जैसे कि 'FSC गोल्डन लकडी अथवा वेबसाइट डोमेन नामों में;

e. FSC नियंत्रित लकडी अथवा नियंत्रित सामग्री के संबंध में – इनका उपयोग उत्पादों को लेबल करने, बिक्री प्रचार करने, नियंत्रित सामग्री की सोर्सिंग करने, अथवा FSC नियंत्रित लकडी के लिए नहीं किया जा सकता।

f. किसी ऐसे तरीके से, जिससे यह संदेश जाए कि यह अन्य वनीय प्रमाणन योजनाओं जैसी है (जैसे कि FSC /xxx प्रमाणन)।

FSC-STD-50-001

COC निर्देश

लेबलों का किन उत्पादों पर होना चाहिए व उत्पाद अथवा उत्पाद के पैकेट पर ये लेबल कहाँ होने चाहिए, इस बारे में कई निर्देश हैं। न्यूनतम आकार, निर्धारित व स्पष्ट जगह एवं किन-किन रंगों का प्रयोग किया जा सकता है व किन-किन रंगों का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, इन विषयों पर ग्राफ़िक निर्देश भी हैं। अधिक जानकारी अथवा प्रमाण-पत्र धारकों द्वारा FSC व्यापार चिन्हों के उपयोग से संबंधित आवश्यकता को देखने के लिए **FSC -STD-50-001** को पढ़ लें।

शीघ्र मार्गदर्शन बटन देखने के लिए

शीघ्र मार्गदर्शन

FORESTS FOR ALL FOREVER

# FSC लेबल

उत्पादों पर तीन तरह के FSC लेबलों का उपयोग किया जाता है। इन्हें सीधे FSC के व्यापार चिन्ह पोर्टल से निर्माण किया जा सकता है।

## FSC 100%

इस उत्पाद का प्रयोग करने वाले उत्पादों में प्रयोग की गई सारी सामग्री को स्वतंत्र तीसरे पक्षों द्वारा ऑडिट किए गए वनों से सोर्स किया जाता है ताकि इस बात कि पुष्टि की जा सके कि उनका प्रबंधन FSC मानकों के तहत किया जाता है। FSC 100% लेबल FSC के उद्देश्य में सबसे सीधा योगदान देता है व प्रमाणित उत्पादों के लिए यह विशिष्टता की सर्वोच्च निशानी होता है।

## FSC पुन:प्राप्त

इस लेबल वाले उत्पादों को, 100% पुनःप्राप्त की गई सामग्री से बने होने के तौर पर सत्यापित किया गया है (उपयोग के बाद के और/या उपयोग से पहले पुनः प्राप्त सामग्री)। FSC पुनःप्राप्त उत्पादों के उपयोग से प्राकृतिक सामग्री की माँग में कमी आती है व विश्व के वनों को बचाने में मदद मिलती है।

## FSC मिश्र

इस लेबल वाले उत्पादों को FSC-प्रमाणित वनों से आई सामग्री, पुनःप्राप्त की गई सामग्री, और/या FSC नियंत्रित लकडी के मिश्रण से बनाया जाता है। भले ही नियंत्रित लकडी FSC-प्रमाणित वनों से न आती हो, लेकिन अस्वीकार्य स्रोतों से आने वाली सामग्री के जोखिम को कम करने में वह मददगार साबित होती है। लेबलों पर अधिक जानकारी के लिए अथवा व्यापार चिन्ह पोर्टल के माध्यम से कोई लेबल निर्मीती करने के लिए,

कृपया यहाँ क्लिक करें जानकारी

## FSC लेबलिंग आवश्यकताएँ


प्रमाणित संगठन FSC -एसटीडी-50-001 में निर्दिष्ट आवश्यकताओं का अनुपालन करते हुए FSC -प्रमाणित उत्पादों पर FSC लेबल लगा सकता है। यह विस्तृत मानक FSC व्यापार चिन्ह के सही उपयोग के नियम निर्धारित करता है।

उपयोग किए जाने वाले FSC लेबल को हमेशा बिक्री दस्तावेज़ों पर मौजूद FSC दावों से मेल खाना चाहिए, जैसा कि FSC -एसटीडी-40-004 से उद्धृत नीचे दिए टेबल में दिखाया गया है।

| **तैयार उत्पाद के लिए FSC दावे** | FSC **लेबल** |
|---|---|
| FSC 100% | FSC 100% |
| कम से कम 70% प्रतिशत वाला FSC मिश्र | FSC मिश्र |
| FSC मिश्र क्रेडिट | FSC मिश्र |
| FSC पुनःप्राप्त लकडी - उपयो के बाद प्राप्त किया गया कम से कम 70% प्रतिशत वाला | FSC पुनःप्राप्त |
| FSC पुनःप्राप्त कागज – कोई सीमा लागू नहीं होती | FSC पुनःप्राप्त |
| FSC पुनःप्राप्त क्रेडिट | FSC पुनःप्राप्त |

केवल FSC लेबलों के लिए योग्य FSC उत्पादों का ही, FSC व्यापार चिन्हों के साथ प्रचार किया जा सकता है। छोटे और/या सामुदायिक उत्पादकों से आने वाले कच्चे माल से बने उत्पाद **(मॉड्यूल 1 में दिए छोटे व कम सघनता वाले प्रबंधित वन वाले अनुभाग को पढ़ें)** भी, FSC का, छोटा और समुदाय, लेबल लगाने के योग्य होते हैं।

## लेबल निर्माता




FSC प्रमाणन वाले संगठन FSC व्यापार-चिह्न पोर्टल पर जाकर FSC लोगो को निर्माण कर उसे डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही, वे अपने खुद के FSC लेबल व प्रचार पैनल भी निर्माण कर सकते हैं।

ऐसा करने के लिए (अंग्रेज़ी में) एक प्रशिक्षण उपलब्ध है

विडियो प्रशिक्षण

## 2b. प्रमोशनल अनुज्ञप्ति धारक

FSC -प्रमाणित उत्पादों का प्रचार करने से ग्राहकों को खरीददारी करते समय FSC -प्रमाणित व लेबल लगाए उत्पादों का सही चयन करने में मदद मिलती है। FSC , खुदरा बिक्रेते, ब्रैंड मालिकों व अन्य संगठनों को अपने खुद के प्रचार अभियानों और विपणन सामग्री में, FSC  व्यापार चिन्हों का प्रयोग करने की अनुमति ही नहीं, बल्कि बढ़ावा भी देता है।


विश्र्वभर में अपने व्यापार चिन्हों के उपयोग की, FSC  बहुत गौर से निगरानी व रक्षा करता है। उनके सही उपयोग को सुनिश्चित कर, हम अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखते हैं। एक प्रचार अनुज्ञप्ति बिल्कुल इसी काम आती है – वह इस बात की जमानता होती है कि आपूर्ति चेन के प्रत्येक पड़ाव पर FSC  स्थिती को सत्यापित किया गया है।

जिन संगठनों के लिए FSC -प्रमाणित होना आवश्यक नहीं होता, पर जो FSC  लेबल वाले परिष्कृत उत्पादों की खरीददारी अथवा उपयोग करते हैं, वे प्रचार के लिए FSC  व्यापार चिन्हों का उपयोग कर सकते हैं और इसीलिए वे FSC  प्रचार अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के हक़दार होते हैं। जब कोई संगठन प्रचार अनुज्ञप्ति समझौते पर हस्ताक्षर करता है, तो उसे प्रणाली द्वारा “FSC -N######” रुप में एक अनोखा कोड निर्दिष्ट किया जाता है।

# प्रचार के लिए व्यापार चिन्ह का उपयोग कौन कर सकता है?

| व्यापार चिन्ह का उपयोग | संगठन का उदाहरण |
|---|---|
| परिष्कृत लेबल लगाए हुए उत्पाद बेचना | FSC -प्रमाणित और लेबल लगाए हुए उत्पादों को अंतिम उपभोक्ताओं को बेचने वाली वे दुकानें, ब्रैंड, प्रकाशक एवं एजेंट, जो अपने बिक्री दस्तावेज़ों के माध्यम से एक FSC दावा आगे पास नहीं करना चाहते |
| परिष्कृत लेबल लगाए हुए प्रमाणित उत्पादों का उपयोग करना | अपनी कार्यवाही के दौरान FSC -प्रमाणित व लेबल लगाऐ हुए उत्पादन का उपयोग करने वाले व्यवसाय, जैसे कि उपहारगृह, रेस्तरां और बार, स्कूल और कालिज, और खेल, सांस्कृतिक, कला और संगीत कार्यक्रमों के आयोजक। |
| कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी वाले दावे करना | सभी कंपनियाँ और संगठन, जिनमें गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी व सार्वजानिक क्षेत्र वाले संगठन भी आते हैं। |
| परिष्कृत लेबल लागाए हुए उत्पादों के दावों का प्राप्ति/खरीददारी करना अथवा FSC के लिए वरीयता बताना | वे सभी कंपनियाँ और संगठन, जैसे कि गैर-सरकारी व सार्वजानिक क्षेत्र के संगठन, वास्तुकार, और बिल्डिंग डिज़ाइनर, जो अपनी-अपनी कार्यवाही में FSC अथवा FSC -प्रमाणित और लेबल लगाए हुए उत्पादों का प्रचार करने की इच्छा रखते हैं। |
| FSC -प्रमाणित वन में निवेश और उसकी खरीददारी अथवा FSC प्रणाली प्रायोजन का प्रचार करना | निवेश संगठन, प्रायोजक व FSC इकोसिस्टम सेवाओं के माध्यम से पर्यावरण-संबंधी संपत्ति की खरीददारी करने वाले व्यक्ति। |
| FSC -संबंधी सेवाओं की बिक्री करना | FSC प्रणाली से संबंधित प्रशिक्षण अथवा सलाह सेवाएँ देने वाले वे सलाहकार और वाणिज्यिक संगठन, जो प्रशिक्षण सामग्री और प्रचार उद्देश्यों के लिए FSC व्यापार चिन्हों का उपयोग करने की इच्छा रखते हैं। |
| पूरे हो चुके FSC -प्रमाणित प्रकल्पों का प्रचार करना | पूरा हो चुका/चुके प्रकल्प पर मालिकाना अधिकार रखने वाली कोई कंपनी, संगठन अथवा व्यक्ति |

व्यापार चिन्हों का उपयोग कहाँ और कब किया जाना चाहिए, इस बारे में उदाहरणों एवं विज़ुअल मॉक-अप के साथ अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए इस मार्गदर्शन को देखें।




मार्गदर्शन

# 3. FSC का प्रचार कैसे करें

FSC संगठनों की उनकी संधारणीयता अथवा कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी वाली रणनीतियों को लागू कर उन्हें पूरा करने में उनकी मदद कर सकता है। प्रचार अनुज्ञप्ति के माध्यम से कंपनियाँ/ब्रैंड मालिक इन उपलब्धियों को उपभोक्ताओं के सामने रख सकते हैं, जिससे उनका भरोसा एवं विश्वास और पुख्ता हो जाते हैं और शायद उन्हें इसके प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी मिलते हैं।

**व्यापार चिन्ह पोर्टल**

प्रमाण-पत्र धारकों एवं प्रचार अनुज्ञप्ति धारकों, दोनों ही को **FSC विपणन और संप्रेषण** टूलकिट में प्रवेश भी मिलता है, जिसमें FSC वन, सभी के लिए, हमेशा के लिए ब्रैंड चिह्न व प्रयोग करने के लिए तैयार संपार्श्विक भी शामिल होते हैं। इस टूलकिट में व्यापार चिन्ह पोर्टल वाले वापरकर्ता नाम और पासवर्ड के माध्यम से प्रवेश किया जा सकता है।

**FSC के साथ प्रचार करें**

FSC का प्रचार करने व ऐसा करने के अनेक फायदों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **FSC के साथ प्रचार करें** पर क्लिक करें।

या फ़िर अपने स्थानीय FSC प्रतिनिधि से सीधे **asiapacific@fsc.org** पर संपर्क करें




*स्रोत: केएफसी होल्डिंग्ज जापान लि. (एफएससी-एन003440)*







*स्रोत: मैकडोनाल्ड्स चीन (एफएससी-एन002365)*




*स्रोत: विटासॉय (FSC -एन003075)*




*स्रोत: पिरेली (FSC -एन003618)*

नीचे दिए उदाहरणों में आप देख सकते हैं कि प्रचार अनुज्ञप्ति धारक FSC व्यापार चिन्हों के माध्यम से कैसे प्रचार कर सकते हैं:

**1.** कोई संगठन संचार सामग्री के माध्यम से FSC द्वारा प्रमाणित होने अथवा FSC उत्पादों की बिक्री करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकता है। इन्हें वेबसाइट पर, सोशल मीडिया अथवा पत्रिकाओं में, पुस्तिकाओं, बैनर एवं पृष्ठभूमि में शामिल किया जा सकता है। इन उदाहरणों को देखिए:

- FSC एशिया पैसीफ़िक
- FSC चीन
- FSC ऑस्ट्रेलिया
- FSC कोरिया
- FSC जापान
- FSC इंडोनेशिया

**2.** कोई संगठन FSC व्यापार चिन्हों का उपयोग कर वनों एवं प्राकृतिक जगत के महत्व के बारे में एक अनुस्मारक भी तैयार कर सकता है। इन उदाहरणों को देखिए:

- FSC न्यूज़ीलैंड

## कोई सवाल या दुविधा है? हमसे बात करें!

FSC FORESTS FOR ALL FOREVER™

blogapac.fsc.org

FSC_APAC

FSC Asia Pacific

FSCAsiaPacific

FSC
www.fsc.org
FSC™ F000100
The mark of
responsible forestry